# कुलोठ खुर्द में परिवार को बंधक बना बदमाशों ने घर में डाली डकैती

## पिस्टल दिखाकर महिलाओं के जेवरात भी निकलवाए, बुजुर्ग को डंडों से पीटा

**सूरजगढ़, (निसं)।** थाना इलाके के कुलोठ खुर्द गांव में बदमाशों ने पिस्टल दिखा कर परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने परिवार के मुखिया से मारपीट भी की हैं। जिसमें परिवार के मुखिया रामेश्वरलाल खरबास को चोटें आई हैं। कुलोठ खुर्द में रामेश्वर लाल के घर में बीती रात करीब आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश घुसे और परिवार के मुखिया रामेश्वरलाल खरबास से मारपीट की। इसके बाद उनको छुड़ाने आई परिवार की महिलाओं से भी मारपीट की। इसके बाद बदमाशों ने पिस्टल की नोक पर परिवार को अलग अलग कमरों में बंधक बनाते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया हैं।

बदमाशों ने दो कमरों में अलमारियों और संदूक के ताले तोड़कर लाखों रुपयों के सोने चांदी के जेवरात ले गए। उसके बाद बदमाशों ने महिलाओं ने जो गहने पहन रखे थे। उन्हें निकलवाया। वहीं क़रीब 18 हजार रुपए नगदी भी ले गए। महिलाओं ने बताया कि बदमाश हरियाणा भाषा में बात कर रहे थे। उसके बाद जाते वक्त परिवार को धमकी देकर गए कि कहीं सूचना दी तो परिवार को ख़त्म कर देंगे। पीड़ित परिवार की ओर से सूरजगढ़ पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना के बाद सूरजगढ़ थानाधिकारी रविंद्र कुमार, डीएसटी इंचार्ज कल्याण सिंह मौके पर पहुंचे और घटना को लेकर जानकारी ली। इसके बाद डॉग स्कावड, एमओबी को मौके पर बुलाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी मृदुल कच्छावा व चिड़ावा डिप्टी सुरेश शर्मा भी मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। वहीं घटना की सूचना के बाद विधायक सुभाष पूनियां भी मौके पर पहुंच उच्च अधिकारियों से बात की।



डकैती की घटना के बाद पुलिस व डाग स्क्वायड ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

- महिलाओं ने बताया कि बदमाश हरियाणा भाषा में बात कर रहे थे

वारदात को अंजाम देने के बाद डकैतों ने होशियारी दिखाते हुए महिलाओं को धमकी देकर भ्रम में रखा कहा कि बूढ़े को साथ ले जा रहे हैं। अगर एक घंटे किसी ने पुलिस को फोन किया तो बूढ़े को जान से मार देंगे। डर के मारे महिलाओं ने पुलिस को फोन नहीं किया। वहीं दूसरी ओर बुजूर्ग रामेश्वर लाल को दूसरे कमरे में बंद कर कहा गया कि महिला और बच्चों को साथ ले जा रहे हैं। अगर कहीं भी फोन किया तो उनको जान से मार देंगे। बुजूर्ग व्यक्ति भी डर के मारे किसी को फोन नहीं किया। हिम्मत कर रामेश्वरलाल की पुत्र वधू ज्योति ने अपने पति मेजर रविंद्र कुमार को फोन कर सूचना दी। बाद में मेजर रविंद्र कुमार ने अरविंद ओला, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामावतार धोलिया सहित गांव के अन्य लोगों को फोन किया। फोन के बाद लोग घर पहुंचे दरवाजा तोड़कर बुजूर्ग को बाहर निकाला गया। वहीं ताला तोड़ महिलाओं को भी बाहर निकाला।

बदमाशों ने दो कमरों में अलमारियों और संदूक के ताले तोड़कर कर लाखों रुपयों के सोने चांदी के जेवरात ले गए। उसके बाद बदमाशों ने महिलाओं ने जो गहने पहन रखे थे। उन्हें निकलवाए लिए थे। बीती रात पीड़ित रामेश्वर दयाल के पोती के जन्मदिन पर मिले गिफ्ट के रूपए भी डकैत जाते वक्त उठा ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी मृदुल कच्छावा, चिड़ावा पुलिस उपाधीक्षक सुरेश शर्मा ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया है। डॉग स्कावड, एमओबी को मौके पर बुलाया गया है। साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर दी गई है।

# महिलाओं ने पुलिस दल पर किया हमला

## पोखर के पास नल लगाने पर दो पक्षों में हुआ था विवाद

**कामां, (निसं)।** कामां कस्बा के देवी गेट के पास पानी की पोखर को लेकर कुछ कहासुनी हो गई। वहीं बदमाश को पकड़ने के इंतजार में खड़ी पुलिस ने समझाइश का प्रयास किया तो समुदाय विशेष के लोगों ने धावा बोल दिया और राइफल छीनने का प्रयास किया। मौके पर काफी गहमागहमी होने के बाद पुलिस ने 4 लोगों को हिरासत में ले लिया और मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता बुलाया। जिसके बाद समुदाय विशेष के सैकड़ों महिला पुरुषों ने कामां पहाड़ी रोड पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही डीएसपी प्रदीप यादव ने मौके पर लोगों से समझाइश कर जाम को खुलवाया जिसके बाद मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया। वहीं पुलिस की गाड़ियां लगातार गश्त कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

- बदमाश को पकड़ने के इंतजार में खड़ी पुलिस ने समझाइश का प्रयास किया था
- धक्का-मुक्की के साथ हथियार छीनने की कोशिश



कामां में समझाइश करती पुलिस से महिलाओं का विवाद हो गया।

कामां थानाधिकारी रामकिशन यादव ने बताया कि शनिवार सुबह एक हार्डकोर अपराधी को पकड़ने के लिए जाब्ता लेकर जा रहा था। देवी गेट स्थित पोखर के पास कुछ लोग आपस में बहस करते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने मौके पर जाकर मामले का पता किया। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों से समझाइश की कोशिश की। वे लोग नहीं माने। दोनों पक्षों के बसीर, इरशाद, साबिर और बच्चू को गाड़ी में बैठा कर थाने लाने लगे तो बसीर, इरशाद, साबिर ने पुलिस के साथ आने से मना कर दिया। कुछ देर बाद ही तीनों के परिजन वहां आ गए और पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते हुए लोगों को छुड़ाने का प्रयास किया यहां तक कि पुलिस के हथियार छीनने की कोशिश की। पुलिस ने बसीर, जुम्मा, पप्पू मेव, साबिर, रॉबिन, दीनू, साहिल, इसाक सहित 40-50 अन्य लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में थाने में मामला दर्ज किया। कामां कस्बा के देवी गेट के पास एक प्राचीन पोखर है जिसमें आसपास के लोगों के पशु पानी पीने के लिए जाते हैं पोखर को भरने के बाद देवी गेट के लोगों ने वहां एक नल लगा दिया था, लेकिन दूसरा पक्ष बसीर, इरशाद, साबिर पोखर को भरने के खिलाफ थे, जिसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो रही थी।

# शराबी पति ने पत्नी को गर्म चिमटे से दागा

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** क्षेत्र चमरपुरा में एक शराबी पति ने गर्म चिमटे से पत्नी के शरीर पर कई जगह दागा। बेल्ट से मारपीट कर उसे बेहोशी की अवस्था में महिला के पीहर गांव झारेडा के रास्ते में पटक कर चला आया। महिला को बेहोशी की हालत में सड़क किनारे देख गांव के लोगों ने उसके पीहर पक्ष को जानकारी दी, जिसके बाद उसे शुक्रवार देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता चमरपुरा निवासी विनीता जाटव ( 26 ) वर्ष है। महिला ने अपने पति हरकेश जाटव पर मारपीट का आरोप लगाया है।

अस्पताल में उपचार के दौरान पीड़िता के चाचा प्रकाश जाटव ने बताया करीब ढाई वर्ष पूर्व झारेडा निवासी विनीता और उसकी छोटी बहन अंजनी की शादी चमरपुरा में हुई थी। गौना रस्म नहीं होने की वजह से अंजनी पीहर में रह रही है, जबकि विनीता ससुराल में। इस दौरान विनीता के साथ शराबी पति की ओर से कई बार मारपीट की घटना की गई। आरोप है कि विनीता की दो चचेरी बहनों की शुक्रवार को गांव झारेडा में शादी थी। जिसमें शामिल हुई विनीता को उसका पति जबरन घर ले गया। घर पहुंच उसे खाना बनाने के लिए रसोई घर में भेजा। रसोई में खाना पकाने के लिए कुछ नहीं मिला, जिस पर महिला ने पति से कहा आटा, सब्जी सब खत्म है। बाजार से सामान ले आओ।

- मारपीट कर बेहोशी की अवस्था में पीहर के रास्ते में पटका

इसके बाद पति ने शराब के नशे में मारपीट शुरू कर दी। महिला का आरोप है पहले बेल्ट से पिटाई की, जिसके बाद लोहे के गर्म चिमटे से उसके शरीर को कई जगह दाग दिया। इस मारपीट से वो बेहोश हो गई है, जिसके बाद में पीड़िता को उसके पीहर ले जाकर रास्ते में पटक भाग गया। इधर सदर थाना के हैड कॉन्स्टेबल मुरारी लाल का कहना है कि अस्पताल में भर्ती महिला विनीता जाटव से पर्चा बयान लिया गया है।

# जूनागढ़ महल के मैनेजर के अपहरण का खुलासा

## जयपुर निवासी आरोपी सहित आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** जिले में बहुचर्चित रहे जूनागढ़ महल के मैनेजर के अपहरण का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित की गई टीम ने जयपुर निवासी एक आरोपी समेत आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के अलावा जयपुर में आरपीए रोड शास्त्री नगर निवासी विशाल सोनी (30) एवं जनकपुर की ढाणी खिलचीपुर थाना कुण्डेरा निवासी रामभजन मीणा (22) और बंटी मीणा (22) को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में होटल के कर्मचारी नरेंद्र मीणा ने थाना कुण्डेरा पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 12 फरवरी की रात को शेरपुर हेलीपैड के पास अपनी स्विफ्ट डिजायर कार में बैठकर मोबाइल पर बात कर रहे होटल मैनेजर अभिजीत बैनर्जी को उन्हीं की कार में पटक कर दो बाइक पर आए 6-7 बदमाश अगवा कर ले गए थे। सूचना मिलते ही संपूर्ण जिले एवं आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कराई। पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई कर 13 फरवरी को अगवा किए गए मैनेजर को सकुशल छुड़ा लिया।



जूनागढ़ महल के मैनेजर के अपहरण के मामले में पुलिस ने आठ जनों को गिरफ्तार किया।

एसपी अग्रवाला ने बताया कि फिरौती के लिए अपहरण किया गया था। आईजी भरतपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव द्वारा अज्ञात बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए गए। गठित टीमों द्वारा मुख्य सूचना एवं तकनीकी संसाधनों की मदद से विभिन्न स्थानों से इन 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

- घटना के संबंध में होटल के कर्मचारी ने थाना कुण्डेरा पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी
- पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार किए गए दो अभियुक्तों को पैसों की तंगी थी

पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार किए गए दो अभियुक्तों को पैसों की तंगी थी। घटना से 1 सप्ताह पहले ही इन्होंने आलनपुर में एक कमरा किराए पर लिया। इन्हें इस बात की जानकारी थी कि शेरपुर हेलीपैड पर रात के समय एक व्यक्ति अक्सर रुक कर मोबाइल पर बातें किया करता है। इस पर दोनों ने फिरौती के लिये उसके अपहरण की योजना बनाई।

दोनों बदमाशों में से एक ने गिरफ्तार किए गए तीन अन्य दोस्तों के साथ रामभजन एवं बंटी मीणा को भी वारदात की योजना में शामिल कर लिया। वारदात और फिरौती की रकम प्राप्त करने के बाद अभियुक्तों ने जयपुर निवासी विशाल सोनी के साथ कोटा उज्जैन इंदौर खरगोन पुष्कर अजमेर और जयपुर में फरारी काटी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध मारपीट, लूट, आर्म्स एक्ट के प्रकरण जयपुर बूंदी और सवाई माधोपुर के विभिन्न थानों में पंजीबद्ध है।

# वॉश नष्ट कर महिला को गिरफ्तार किया

**मालपुरा, (निसं)।** अवैध हथकड़ शराब निर्माण के अवैध कारोबार पर आबकारी विभाग अजमेर जोन जिला टीम द्वारा शनिवार को डिग्गी सांसी बस्ती में छापामार कार्यवाही कर डेढ सौ लीटर वॉश नष्ट कर एक महिला को गिरफ्तार किया है। मालपुरा आबकारी थाना प्रहराधिकारी देवकरण गुर्जर ने बताया कि शनिवार को जरिए मुखबीर के मिली सूचना पर अजमेर जॉन अधिकारी माधव राठौड़ के नेतृत्व में जिला आबकारी अधिकारी कैलाश प्रजापति, निवाई आबकारी अधिकारी रामसहाय नारेडा के साथ आबकारी टीम ने सांसी बस्ती में दबिश देकर प्लास्टिक के ड्रम व लोहे के पीपों में भरी डेढ सौ लीटर वॉश नष्ट करते हुए हथकड शराब से भरी तीन बोतल जप्त कर एक महिला को मौके से गिरफ्तार किया गया। टीम की अचानक से हुई छापामार कार्यवाही के दौरान अवैध कारोबार में लिप्त अन्य लोग मौके से भाग छूटे।

डिग्गी सांसी बस्ती में अवैध हथकड शराब निर्माण का कारोबार धड़ल्ले से चलने की आबकारी विभाग को पूर्ण सूचना के बावजूद साल में एक दो बार छापामार कार्यवाही के नाम पर शराब माफियाओं को संरक्षण दे रही है। इतना ही नहीं स्थानीय अधिकारी व कार्मिकों के मिलीभगत से मालपुरा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्वीकृत शराब के ठेकों पर अलसवेरे से देर रात तक शराब परोसी जा रही है।

# दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** हैण्डीक्राफ्ट व्यवसायी को पिस्टल दिखा नकदी लूट मामले में पुलिस ने दो आरोपियों मो. इस्माईल उर्फ बडा मेवाती व इरफान पठान को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के अनुसार पीडित पठान सोहील खान पुत्र पठान मुनावर खान निवासी अहमद हुसैन कॉलोनी ने अम्बामाता पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी गांधीनगर में हैण्डीक्राफ्ट की दुकान है। जहां से 17 फरवरी सांय मै चेटक जाने के लिये निकला ही था कि रास्ते में लूट हो गई थी।

# पत्नी की हत्या के बाद पति ने लगाया फंदा

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती डांगियावास के बावरला गांव में शुक्रवार की रात को गांव में वृद्ध ने पहले पत्नी का सिर फोडकर हत्या कर दी और फिर खुद फांसी के फंदे पर लटक गया। जान देने के पहले वृद्ध ने दीवार पर लिखा कि जो भी मकान बेचेगा या खरीदेगा उसका सत्यानाश हो जाएगा, इसलिए यह मकान केवल गौशाला को ही दें। पड़ौसी ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले में वृद्ध के खिलाफ हत्या और आत्महत्या का केस दर्ज किया है। फिलहाल मामला जांच में हैं। शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

थानाधिकारी मनोज परिहार ने बताया कि बांवरला गांव में रहने वाले 70 वर्षीय दीपाराम दमामी ने अपनी पत्नी सुकमादेवी (65) के सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी, इसके बाद उसने फांसी लगा ली। घटना करीब पांच बजे की है। वृद्ध ने आत्महत्या के पहले दीवार पर अपना मकान गौशाला को देने की बात लिखी है। वहीं आत्महत्या के पहले उसने पड़ोसी को फोन कर कहा था कि पुलिस को बुला लो। पड़ोसी को कुछ शक हुआ तो वह वृद्ध के घर पहुंचा और दरवाजा खटखटाया। इस पर वृद्ध ने पड़ोसी को 20 मिनट बाद आने के लिए कहा। करीब आधे घंटे बाद जब पड़ोसी फिर उसके घर गए तो दरवाजा नहीं खोला। बहुत देर तक दरबाजा खटखटाने के बाद भी जब कोई आवाज नहीं आई तो उन्होंने झांककर देखा। अंदर वृद्ध फंदे पर लटका था। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़कर खाट पर घायल पड़ी वृद्धा को अस्पताल भिजवाया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं वृद्ध दीपाराम की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पुलिस ने पड़ौसियों से पूछताछ की तो बताया कि वृद्ध गायों के लिए दान करता रहता था। कई बार उसने पड़ौसियों से भी कहा कि वह गौशाला खोलेगा और गायों की सेवा करेगा। हालाकि उसकी यह योजना सफल नहीं हो सकी।

# डॉ. किरोड़ी की मौजूदगी में हुई सुमन बैरवा की शादी

## पिता की मौत के बाद सुमन बैरवा की शादी में आ रही थी मुश्किलें



राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा व पूर्व मंत्री गोलमा देवी ने नवदम्पत्ति को आशीर्वाद दिया।

**महुवा, (निसं)।** कस्बे के मंडावर रोड स्थित मैरिज गार्डन में शनिवार को सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने धूमधाम से मृतक गोपी बैरवा की बेटी सुमन बैरवा का धूमधाम से विवाह संपन्न करवाया। इस दौरान राज्यसभा सांसद, पूर्व मंत्री गोलमा देवी व राजेंद्र मीणा ने सुमन के हाथ पीले कर उन्हें ससुराल के लिए विदा किया।

जानकारी के अनुसार रामगढ़ निवासी गोपी बैरवा ने आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या कर ली थी। कुछ ही दिनों बाद उनकी बेटी सुमन की शादी थी। पिता की मौत हो जाने के बाद बेटी की शादी में मुश्किलें आ रही थी। इस दौरान उसकी तीए की बैठक में पहुंचे सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने सुमन की शादी की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले ली थी। जिसे लेकर कस्बे के मंडावर रोड स्थित मैरिज गार्डन में रीति-रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न करवाया। इस मौके पर अरुण चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, रामविलास डूंगरपुर, चेयरमैन राजेश गोयल, सोहन लाल सैनी, आरडी वैरेर, मानसिंह सांथा, ब्लॉक अध्यक्ष विनीत बंसल, रामप्रसाद नांदना, डायरेक्टर डूंगर सिंह, सतीश नोरंगपुरा, बिरजू सैनी रामगढ़, रोशन टहलडी, एडवोकेट राजू बैरवा सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

जहां राज्यसभा सांसद के द्वारा पहले ही हिदायत दे रखी थी कि सुमन बैरवा की शादी में केवल एक ही रुपए कन्यादान दिया जाए। उन्होंने एक रुपए से अधिक कन्यादान किसी भी व्यक्ति से नहीं लिया। सभी ने एक साथ बैठकर सामूहिक भोजन भी किया। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा उनकी धर्म पत्नी और पूर्व राज्य मंत्री गोलमा देवी मीणा व उनके भतीजे राजेंद्र मीणा ने बेटी सुमन का कन्यादान करते हुए आशीर्वाद दिया तो सभी की आंखें बरस पड़ी। यहां तक कि सांसद भी एक बार भावुक दिखाई दिए।

# नवविवाहित युगल ने कन्यादान की राशि विद्यालय में दान की

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के रालावास ग्राम में बिना दहेज शादी करने के बाद नवविवाहित युगल दंपत्ति ने राजकीय विद्यालय पहुंचकर कन्यादान में प्राप्त राशि को छात्र-छात्राओं के लिए वाटर कूलर खरीदने के लिए दान की।

स्थानीय गांव रालावास की रहने वाली नवविवाहित कविता मीणा पुत्री पहली राम मीणा ने गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सीनियर सेकेंडरी तक की शिक्षा ग्रहण की थी। वहीं इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के बाद सरकारी नौकरी प्राप्त की एवं टोंक जिले के उनियारा फतेहगंज निवासी इंद्र कुमार मीणा पुत्र रामसहाय मीणा के साथ विवाह संपन्न हुआ है। विद्यालय परिवार एवं मौजूद ग्रामीणों द्वारा नवविवाहित युगल के विवाह में कन्यादान में प्राप्त राशि को विद्यालय में दान देने की प्रशंसा की गई एवं इसी तरह भामाशाह बनकर राजकीय विद्यालय में अध्यनरत जरूरतमंद बालकों की मदद के लिए आगे आने के लिए नवविवाहित युगल का आभार व्यक्त किया गया। नवविवाहित युगल इस मौके पर कहा कि उनके द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद अन्य लोगों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय परिवार द्वारा नवविवाहित युगल की इस उठाए कदम की प्रशंसा करते हुए उनका सार्वजनिक अभिनंदन भी विद्यालय प्रांगण में किया गया।



नवदंपत्ति ने कन्यादान की राशि विद्यालय विकास के लिए दी।

# दो युवक गिरफ्तार, एक लाख रुपये बरामद

**बीकानेर, (कासं.)।** रीट परीक्षा के पेपर लीक करने वाले संदिग्धों पर नजर रख रही बीकानेर पुलिस ने सीआरपीएफ एसआई परीक्षा की फर्जी 'की' बेचने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से एक लाख रुपए नकद और तीन चैक भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार युवकों में एक को पहले भी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

नयाशहर थानाधिकारी वेदपाल श्योराण ने बताया कि रीट परीक्षा के चलते पेपर लीक करने के संदिग्धों पर पुलिस नजर रखे हुए हैं। ऐसे में मुरलीधर व्यास कॉलोनी में मेट्रिक्स नाम से कोचिंग चलाने वाले राजाराम पर पुलिस की नजर थी। राजाराम के सोशल मीडिया एकाउंट से पुलिस को एक एंसर की मिली थी। जिस पर प्रश्न नंबर और उसके आगे एबीसीडी लिखे हुए थे। इस पर पुलिस ने उसे दबोचा तो एक लाख रुपए नगद और तीन चैक मिले। पुलिस का आरोप है कि वो रीट पेपर लीक तो नहीं कर रहा था लेकिन सीआरपीएफ में एसआई, हवलदार परीक्षा की फर्जी की बेच रहा था। पुलिस ने राजाराम के साथ ही श्रीडूंगरगढ़ के सेरुणा थानान्तर्गत आने वाले सांवतसर गांव के सीताराम को भी गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। पेपर लीक के बजाय उन पर फर्जी एंसर की बेचने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है।

थानाधिकारी वेदपाल ने बताया कि नयाशहर थाने की एक पुरानी कार्रवाई में भी राजाराम को गिरफ्तार किया जा चुका है। तब भी उस पर पेपर लीक का आरोप लगा था। ये मामला अभी चल ही रहा है। इसी कारण उसके सोशल मीडिया एकाउंट्स पर पुलिस की नजर थी। बीकानेर में चप्पल से नकल करने का मामला गंगाशहर थाने में सामने आ चुका है। ऐसे में पुलिस ने तुलछाराम कालेर, उसके भतीजे व उसकी पत्नी सहित कई युवकों को गिरफ्तार किया था।

**आम सूचना**

नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, जयपुर इनडोर मेडिकल रिकॉर्ड (IPD) 01 जनवरी 2018 से 31 दिसम्बर 2019 तक नष्ट करने जा रहा है। जिस किसी को भी इसकी आवश्यकता हो, वह आज से 30 दिन के अंदर प्रातः 10 से 3 बजे तक मेडिकल रिकॉर्ड विभाग में सम्पर्क करे। इसके पश्चात रिकॉर्ड से संबंधित, अस्पताल की कोई जिम्मदारी नहीं रहेगी।
फोन: 0141-7122233 Ext. (3018)

**NOTICE**

Narayana Multispeciality Hospital, Jaipur is about to discard its **IPD** Record (01 January 2018 to 31 December 2019). Those who want to retrieve that data, can contact the Medical Record Department within 30 days. Timing: 10 am to 3 pm. After this hospital will note be responsible for any record.
Contact: 0141-7122233. Ext.(3018)